TOPIC- SAMPLE

Date 10 05 20

प्रतिदर्श को न्यादर्श भी कहते हैं। प्रतिदर्श (Sample) जनसंख्या का वह छोटा भाग है जिसे अनुसन्धानकर्ता के द्वारा वास्तविक अध्ययन के लिए चयन किया जाता है।

प्रतिदर्श जनसंख्या का प्रतिनिधित्व सूक्ष्म रूप (Representative Maniature) होता है तथा इससे प्राप्त सूचनाओं का सामान्यीकरण करके जनसंख्या के बारे में अनुमान लगाया जाता है। स्पष्ट है कि प्रतिदर्श जनसंख्या की विशेषताओं का प्रतिबिम्ब होता है।

अतः कहा जा सकता है कि प्रतिदर्श वास्तव में जनसंख्या के अध्ययन हेतु चयनित किया गया वह अंश है जिसका अनुसंधानकर्ता वास्तव में अध्ययन करता है तथा जिससे प्राप्त प्रतिदर्श की विशेषताओं (प्रतिदर्शजों) का सामान्यीकरण करके जनसंख्या की विशेषताओं (प्राचलों) का अनुमान लगाया जाता है।

प्रतिदर्श व जनसंख्याएँ व्यक्तियों अथवा वस्तुओं के समूह हो सकते हैं तथा इनका प्रयोग व्यक्तियों या वस्तुओं के प्राप्तांकों के समूह के लिए भी किया जा सकता है।